गोंडवाना समय 15/7/2017

आयोग की पहल पर अब पढ़ सकेंगी पाँच छात्राएं

उपाध्यक्ष ने किया महिला निवास गृह का निरीक्षण

अनुसुचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्षा सुश्री अनुसुईया उइके, शुक्रवार को अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान सौसर महिला निवास गृह पहुंची जहां पर उन्होंने निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने महिलाओं से चर्चा भी किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

सौसर। गोंडवाना समय। 15 जुलाई 17

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार, नईदिल्ली की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को सौंसर स्थित भारतीय आदिम जाति सेवक संघ नई दिल्ली के अंतर्गत महिला निवास गृह सौंसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्री रामराव महाले जी द्वारा बताया गया कि 35 महिलाओं को इस केन्द्रमें रखा गया है इन महिलाओं को पुलिस, महिला विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग के द्वारा प्रताड़ित महिलाओं को रखा गया है। सभी महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी परिस्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई, श्री महाले जी द्वारा आश्रम की व्यवस्थाओं, समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका समाधान कराने का अनुरोध किया गया। पाँच छात्राएँ जो कि पढना चाहती हैं किन्तु उनके पास अर्थ व्यवस्था नहीं होने से उनकी पढाई नहीं हो पा रही है, इस समस्या के निराकरण हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं प्राचार्य कन्या महाविद्यालय से चर्चा की गई। इसी प्रकार से वन विभाग विश्राम गृह में विधायक मा. श्री नानाभाउ मोहोड एवं अन्य जनप्रतिनिधियों में श्रीमती ऊषा धम्होरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मोरेश्वर मर्सकोले, श्रीमती किरण जायसवाल, श्री गोपाल घोटे, श्री संतोष चोखडे आदि उपस्थित हुए तथा सौंसर की समस्यांओ के संबंध में चर्चाएं की गईं।

सौंसर अल्पावधि महिला निवासगृह का निरीक्षण का समाचार

ा. चौरई

छिंदवाड़ा. शनिवार, 15 जुलाई, 2017 16

आयोग दिलाएगा न्याय

राष्ट्रीय अजजा आयोग की उपाध्यक्ष अनुसुईया उइके ने पीड़ित महिलाओं की समस्या सुनी

सौंसर। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष अनुसुईया उइके नागपुर से छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान नगर से लगे बेलगांव स्थित महिला अल्पावधि निवास गृह पहुंची। समाज से उपेक्षित व पीड़ित महिलाओं से चर्चाकर उनकी समस्याएं सुनी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे पहुंची अनुसुईया उइके ने अल्पावधि निवास गृह में आश्रय लिए आदिवासी समाज की महिलाओं की प्रताड़ना व अन्य समस्याओं पर विस्तार से जानकारी ली और आयोग की ओर से न्याय दिलाने की बात कही। अल्पावधि निवास की संचालक संस्था आदिम जाती सेवक संघ के सचिव पूर्व विधायक रामराव महाले ने संस्था द्वारा पीड़ित महिलाओं के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। सुश्री उईके का भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह में स्वागत किया। इस दौरान विधायक नानाभाऊ मोहोड़, सतीश बोड़खे, उषा भमारे, किरण बत्रा, सीमा शुक्ला, मोरेश्वर मर्सकोले, रवि धुर्वे, गोपाल धोटे, संजय सूर्यवंशी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
15/7/2017

सुश्री उईके महिला निवास गृह पहुंची

सौसर एक्सप्रेस।

शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उईके ने अपने छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान नागपुर से आतें वक्त सौंसर के महिला निवास ग्रह में भेंट दी। भेंट में सुश्री उईके आश्रम को व्यवस्थाओं को देखकर खुशी जाहिर की तथा आश्रम के संचालन में हो रही कठिनाई को देखकर दुख भी व्यक्त किया।

आश्रम में दुखी पीड़ित महिलाओं से बात कर उनके दुख दर्द के संबंध मे पूछताछ की तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सुश्री उईके ने आश्रम के संचालक पूर्व विधायक रामराव महाले की प्रशंसा की तथा कहा कि इन प्रकार की सेवा करने का तथा दुखी पाड़ीत महिलाओ को आश्रम देकर उनके सुख दुख मे सहभागी होने का जिले का पहला आश्रम बताया। यहा पर रहने वाली महिलाओ का पुनर्वसन भी हुआ है। तथा महिलाओ के साथ साथ उनके बच्चे भी यहा निवास करते है। ऐसे मे उनके पढाई का खर्चाभी आश्रम सेहो रहा है। सुश्री उईके ने यहा पर अध्ययन रत छात्राओ से भी बातचित की तथा उन्हे शिक्षा के लिये षासन स्तर पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

आश्रम की साफसफाई एंव व्यवस्था पर सुश्री उईके ने खुशी जाहिर की तथा विगत 2 वर्षो से शासन द्वारा कोई सहायता नही मिलने पर दुख व्यक्त करते हुये शासन स्तर पर मदद दिलाने की बात सुश्री उईके ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामराव महाले के साथ वामनराव माने, धर्मराज मांडवे ,केपी दुबे अनिलसिंह गगन गोहेल सतीश बोडखे,डॉ अनुप सिंह, उषा भमोरे, किरण बत्रा तथा प्रशांत महाले उपस्थित थे।

सौंसर अल्पावधि महिला निवासगृह का निरीक्षण का समाचार